हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जुलाई 2024



# वार्ड क्रं.21 होगा विलोपित, दो हिस्सों में बटेगा कैलाश नगर, कई की सीमाएं हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


परिसीमन को लेकर भले ही शासन की तरफ से 15 जुलाई तक की अवधि बढ़ा दी गई हो, लेकिन राजनांदगांव नगर निगम को लेकर होने वाले बदलाव को लेकर रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव नगर निगम में इस बार परिसीमन में भी वार्ड संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है, परन्तु एक वार्ड विलोपित कर एक नया वार्ड बनाया जा रहा है। वहीं करीबन दर्जनभर वार्डों की परिसीमन काफी प्रभावित हो रही है।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 21 मेडिकल वार्ड को विलोपित किया जा रहा है। इसकी जगह वार्ड क्रमांक 30 कैलाश नगर को दो हिस्सों में बांटकर एक नया वार्ड बनाया जा रहा है। ऐसे ही सर्वाधिक मतदाताओं वाला वार्ड क्रमांक 16 तुलसीपुर सहित स्टेशनपारा, पीटीएस जैसे वार्ड की सीमाओं में परिवर्तन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि साल अंत में होने वाले निकाय चुनाव से पहले प्रदेश सरकार ने सभी जिला कलेक्टरों को उनके जिलों के सभी निकाय में परिसीमन की प्रक्रिया करने कहा था। पहले 9 जुलाई को इसका प्रथम प्रकाशन किया जाना था, लेकिन अंतिम समय में इसकी अवधि बढ़ाकर अब 15 जुलाई को प्रथम प्रकाशन करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिले के राजनांदगांव नगर निगम, डोंगरगढ़ नगर पालिका, छुरिया और डोंगरगांव नगर पंचायत में भी यह प्रक्रिया की जा रही है।

### यह बदलाव संभावित

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 21 को विलोपित करने के साथ ही वार्ड 30 को दो हिस्सों में बांटा जा रहा है। ऐसे ही वार्ड क्रमांक 7, 12, 15, 16, 22, 24, 26, 29, 33 की सीमाओं में बदलाव किया जा रहा है। कुछ वार्डों का आरक्षण भी परिसीमन के बाद बदल सकता है। इनमें एससी-एसटी वार्ड शामिल हैं। परिसीमन को लेकर हालांकि प्रथम प्रकाशन 15 जुलाई को किया जाएगा।



### दावा-आपत्ति के बाद अंतिम प्रकाशन

शासन के नए आदेश अनुसार अब 15 जुलाई को सभी निकाय में परिसीमन को लेकर प्रथम प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 25 जुलाई तक इस परिसीमन के विरूद्ध दावा-आपत्ति करने की मोहलत दी जाएगी। दावा-आपत्ति के निराकरण के पश्चात हर निकाय में परिसीमन का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इस आधार पर ही इस साल के अंत में चुनाव कराए जाएंगे।

### मतदाताओं की संख्या करेंगे बराबर

राजनांदगांव निगम क्षेत्र के 51 वार्डों में कुल मतदाताओं की संख्या को सभी वार्ड में बराबर बांटने की कोशिश की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुल मतदाताओं की संख्या के अनुसार हर वार्ड में औसतन 36 सौ मतदाता होने चाहिए। हालांकि इसके बावजूद परिसीमन के बाद भी कई वार्ड में ढाई हजार के करीब और कुछ में चार हजार के लगभग मतदाता होने वाले हैं।

## कोटे से 30% कम बारिश से किसान परेशान
# आज से तीन दिन बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जून महीने से शुरू होने वाला मानसून अब तक अंचल में सूखा ही रहा है। कोटे के मुकाबले तीस फीसदी कम बारिश होने से एक तरफ जहां किसानों की दिक्कतें बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर उमस से लोग भी हलाकान हैं। ऐसे में आज से कुछ राहत मिलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज से अगले 72 घंटे अंचल में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, जयपुर, और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण अंदरूनी उड़ीसा के ऊपर 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। प्रदेश में कल 12 जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में 13 जुलाई से वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है।

**बांध भी सूखे, हालत खराब :** अल्पवर्षा के कारण बांधों में भी जलभराव कम हो गया है। जिले के अधिकांश बांध में सामान्य से काफी कम जलभराव शेष रह गया है। आंकड़ों पर नजर डाले तो मोंगरा बैराज में 0.01%, मटियामोती में 5.31 %, सूखा नाला में 0.36 %, घुमरिया में 0.01 % और खातूटोल में भी 0.20 % जलभराव ही शेष रह गया है।

### अब तक इतनी बारिश

अब तक अंचल में 173.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जबकि इस अवधि तक जिले में 245.1 मिमी बारिश होनी थी। ऐसे में कोटे के मुकाबले जिले में 70.8 फीसदी बारिश ही हुई है। वहीं पूरे मानसून सीजन की बात करें तो जिले में चार महीने में 1011.7 मिमी बारिश होने का अनुमान लगाया गया है।

# गौवंश के उपचार में कोताही, पशु चिकित्सालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सड़क पर घायल पड़ी गौवंश के उपचार को लेकर सूचना देने के बाद भी पशु चिकित्सकों द्वारा उपचार के लिए नहीं पहुंचने के मामले को लेकर आज बजरंग दल के साथ गौसेवकों ने पशु चिकित्सालय का घेराव किया और व्यवस्था नहीं सुधरने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

बजरंग दल के साथ बड़ी संख्या में गौसेवकों ने पशु चिकित्सालय का घेराव करते पशु चिकित्सकों पर घायल गौवंश का उपचार नहीं करने का आरोप लगाया है। वहीं गौसेवकों ने कहा कि आए दिन शहर के कई जगह पर दुर्घटनाओं में गौमाता घायल हो रही है। पशु चिकित्सकों को जानकारी देने पर भी मौके में नहीं आते हैं और यह मेरा क्षेत्र नहीं है, कहकर एक-दूसरे को जिम्मेदार बताते हैं, लेकिन कोई भी डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचता है। जिससे घायल गाय की मौत हो जाती है। बजरंग दल के गौरक्षा प्रमुख अंशुल ने कहा कि 2 दिन पूर्व शहर के स्टेडियम चौक पर एक गाय घायल हो गई थी। इसके उपचार के लिए पशु चिकित्सकों से संपर्क किया गया तो दवाइयों के लिए अस्पताल की चाबी नहीं होना बाताकर मौके पर नहीं पहुंचे। वहीं सड़क पर मवेशी छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कही।

### आंदोलन की चेतावनी

गौसेवकों ने अतिरिक्त उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं से चिकित्सकों की शिकायत करते कहा कि चिकित्सकों द्वारा गौमाता के उपचार में कोताही बरती जा रही है। शाम होने के बाद कोई भी चिकित्सक इलाज के लिए उपस्थित नहीं रहता है। घायल गाय के संबंध में चिकित्सकों को सूचना देने पर फोन भी नहीं उठाया जाता है। मोबाइल यूनिट का भी आता-पता नहीं रहता है। ऐसे में गौसेवकों द्वारा कहा गया कि यही रवैया रहा तो सभी चिकित्सकों को यहां से हटाने के लिए बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# नो-पार्किंग में पार्किंग, 50 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** शहर के व्यस्त मार्गों में नो-पार्किंग में वाहनों को खड़ी किए जाने के मामले में यातायात पुलिस ने कार्रवाई अभियान चलाया है।

जिसके तहत 50 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

यातायात टीम द्वारा शहर के फौव्वारा चौक, मानव मंदिर, कृष्णा टॉकीज, आजाद चौक, भारतमाता चौक, तिरंगा चौक, गंज चौक तक बेतरतीब तरीके से नो-पार्किंग में खड़े कुल 50 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 15 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस की आमजन से अपील है कि अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें। यातायात व्यवस्था बनाए रखने यातायात पुलिस का सहयोग करें।

### चाकू लेकर डराने-धमकाने वाला पकड़ाया

**राजनांदगांव।** चाकू लहराते हुए लोगों को डराने-धमकाने के मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ा। जिससे एक लोहे का धारदार चाकू बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर पुलिस 10 जुलाई को गश्त पर निकली हुई थी। इस दौरान मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी हेमंत उमरेडकर पिता सुधीर उमरेडकर 29 साल निवासी दीनदयाल कालोनी थाना बसंतपुर का रहने वाला आरके नगर रोड नीलगीरी पार्क के पास धारदार लोहे का चाकू रखकर लहराते आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने पर उनके विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमांड पर भेजा गया।

**संजीवनी** नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
**डॉ. जाहिद के. खान**
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • धड़कन का कम या ज्यादा होना
• उच्च रक्तचाप, • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• ब्लड शुगर, • थायराइड • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• चलने पर सांस फूलना, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
• कंधों में जकड़न,
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप



### नवदीप को मिले 3 स्वर्ण पदक

**खुज्जी।** ग्राम के नवदीप देवांगन पिता सुंदरलाल देवांगन ने पंडित सुंदरलाल यूनिवर्सिटी बिलासपुर द्वारा आयोजित एमए स्नातकोत्तर संस्कृत की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने गत दिनों राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन लाल साहू, कुलपति वंश गोपाल सिंह के उपस्थिति में तीन स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। उन्हे तीन स्वर्ण पदक मिलने से शिक्षा जगत में हर्ष व्याप्त है।

### खेतों में दिखने लगी दरारें



**चिचोला।** अषाढ़ माह को खत्म होने में कुछ ही दिन शेष है। क्षेत्र में अब तक अपेक्षित बारिश नहीं होने से खेतों में दरारें दिखाई देने लगी है जिससे किसान चिंतित नजर आने लगे है। क्षेत्र में आए दिन बारिश होने की संभावना दिखाई देती है किन्तु हल्की बारिश होने से खेतों तक पर्याप्त पानी का भराव नहीं हो पाया है। क्षेत्र के किसानों को अच्छी बारिश होने का इंतजार हैं ताकि समय रहते निदाई व बियासी कर सके। किसानों ने बताया कि हल्की बारिश होने के बाद तेज धूप निकलने से जमीन सूख जा रही है। जानकारी के अनुसार जिन किसानों के खेत में बोर है वह रोपा लगा रहे हैं किन्तु पानी की कमी से उन्हें भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### नपा क्षेत्र के कई वार्डों की बदली सीमाएं, बिगड़ेगा कुछ का समीकरण

# वार्ड परिसीमन प्रक्रिया पूरी, 15 तक कर सकते हैं दावा आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगरपालिका अंतर्गत आने वाले वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आगामी 15 जुलाई दावा आपत्ति मंगाया गया है। गत 24 जून से 8 जुलाई तक जारी परिसीमन प्रक्रिया में शहर के 20 में से दस वार्डों की सीमा में बदलाव आया है। नए परिसीमन के बाद शहर के वार्ड एक, दो, तीन, चार, नौ, दस और 12, 13, 14 वार्ड का नया खाका तैयार किया गया है। शासन के आदेश के बाद वार्ड परिसीमन प्रक्रिया में 2011 में वार्डों की जनसंख्या के आधार पर कम ज्यादा जनसंख्या वाले वार्डों को बराबर कर जनसंख्या का अंतर कम करने का प्रयास प्रारंभिक तौर पर करने के बाद उसका प्रारंभिक प्रकाशन कर 15 जुलाई तक दावा आपत्ति मंगाई गई है जिनके निराकरण बाद अंतिम प्रकाशन होगा।

परिसीमन में वार्डों में जनसंख्या अनुपात बराबर करने, नई सीमा तय करने जैसी प्रक्रिया से लगभग दस वार्डों को फर्क पड़ा है। नए सिरे से किए गए परिसीमन में वार्ड एक पिपरिया के कुछ हिस्सो को वार्ड 2 में जोडा गया है। इसी तरह वार्ड तीन गंजीपारा के एक हिस्से को वार्ड 10 लालपुर मोंगरा में शिफ्ट किया गया है। वार्ड 4 राजफेमली का एक हिस्सा वार्ड 3 गंजीपारा में शामिल किया गया है। वार्ड 9 इतवारीबाजार को छोटा कर वार्ड 6 बरेठपारा में जोड़े जाने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह वार्ड 12 का कुछ कुछ हिस्सा वार्ड 13 धनेली और वार्ड 14 सोनेसरार में जोड़ा गया है।

**जनसंख्या अनुपात पर भी बदलाव**

जनसंख्या के आधार पर पिपरिया वार्ड एक से लगभग 128 को वार्ड दो पिपरिया में शामिल किया गया। इसी प्रकार वार्ड 2 से 303 को वार्ड दस में, वार्ड 4 से सबसे ज्यादा 351 को वार्ड 3 में, वार्ड 9 से 177 को वार्ड 6 में, वार्ड 12 से 41 को वार्ड 13 और 60 को वार्ड 14 में जोड़ने का प्रावधान किया गया है। बाकी बचे वार्ड 5 ठाकुरपारा, वार्ड 7 गोलबाजार, वार्ड 8 तुरकारीपारा, वार्ड 11 धरमपुरा किल्लापारा, वार्ड 15 अमलीडीह, वार्ड 16 व 17 दाऊचौरा, वार्ड 18 अंबेडकर वार्ड, 19 टिकरापारा और 20 सिविललाइन खम्हरिया के परिसीमन में कोई बदलाव नहीं हुआ है।




**दावा आपत्ति कर सकते**

जनसंख्या अनुपात में वार्डों के नए परिसीमन कर प्रारंभिक प्रकाशन के साथ दावा आपत्ति विहित अधिकारी एसडीएम कार्यालय में मंगाई गई है। दावा आपत्ति पर कार्रवाई विहित अधिकारी द्वारा की जाएगी। - **प्रमोद शुक्ला,** सीएमओ

**नहीं लगी भनक, अब आपत्ति की तैयारी**

वार्डों के परिसीमन के दौरान शहर के पार्षदों सहित जनप्रतिनिधियों को परिसीमन में किए गए जोड़तोड़ की भनक नहीं लग पाई है लेकिन दावा आपत्ति के लिए प्रारंभिक प्रकाशन के बाद नए परिसीमन में एक दो वार्डों में जोड़तोड़ कराए जाने और परिसीमन में किए गए जोड़तोड़ को वापस करने की तैयारी की जा रही है। पिछली बार 2015 के पालिका चुनाव के दौरान भी ऐसी स्थिति सामने आई थी जब कुछ वार्डों का परिसीमन बदला गया था। हालंकि वार्ड की स्थिति ज्यों की त्यो रखी गई है लेकिन बीस में से दस वार्डों में जनसंख्या अनुपात से हुई जोड़तोड़ से कई वार्ड में नाराजगी और खुशी भी दिख रही है हालांकि दावा आपत्तियों के निराकरण बाद ही इसमें स्थिति साफ हो पाएगी।


# बेलगांव के युवक की मौत का मामला गर्माया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- पुलिस की कार्रवाई पर लोगों ने खड़े किए सवाल
- जांच और कार्रवाई की मांग

गाय के साथ कथित अप्राकृतिक कृत्य के मामले में युवक की मारपीट के बाद मौत के मामला को लेकर ग्रामीणों सहित भाजपा कांग्रेस के लोगो ने परिजनों के साथ थाना पहुंचकर जांच एवं दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की है। ग्रामीणों सहित परिजनों ने आरोप लगाया कि तत्कालीन थानेदार ने आदिवासी युवक पर गलत आरोप लगाने और तबियत खराब होने के बाद समय पर उपचार नहीं कराया जिसके कारण युवक की मौत हो गई। उन्होंने इस घटना के लिए पुलिस प्रशासन के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत बेलगांव में 1 जुलाई की रात को टाकेश्वर कंवर नामक युवक के साथ शीतला मंदिर के पास कुछ लोगों ने मारपीट करते हुए अभद्र व्यवहार किया था। इस दौरान युवक के पैर में चोट आई थी। बताया जाता है कि उक्त युवक पर गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने का आरोप लगाया और सुबह इस मामले को लेकर गांव में बैठक भी हुई। गांव के ही कुछ लोगों ने मामले को थाना को दिया था। पुलिस ने बिना जांच किए युवक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध होने की जानकारी वायरल कर दिया। जबकि ग्रामीणों ने उक्त युवक को गाय की पूंछ पकड़कर बैठा होना बताया था। पुलिस ने युवक को घंटो थाने में बैठाने और फिर तबियत खराब होने के बाद प्रायवेट अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों के सुपुर्द छोड़ दिया था। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज चौहान, बेलगांव के भाजपा नेता एवं ग्रामवासियों ने मृतक के परिजनों से मुलाकात करने के बाद थाना पहुंचकर मामले की जांच एवं कार्यवाही करने की मांग की है।




# भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



स्थानीय कृषि उपज मंडी में लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याषी संतोष पांडे की जीत के बाद कार्यकर्ताओ एवं मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, सुरेन्द्रसिंग बन्नौआना, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, हरविंदर सिंग मंगे, शशिकांत द्विवेदी, किरण साहू, प्रदीप बाघ शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूवात पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पूजा अर्चना से हुई। उपस्थित अतिथियों ने श्री पांडे की जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं मतदाताओं के विश्वाश्की जीत बताया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राजेश श्यामकर, प्रतीक्षा भंडारी, बिसेसर साहू, अमित जैन, राकेश अग्रवाल, जैनकुमार मेश्राम, जागेश्वर साहू, नरोत्तम सिन्हा, संतु राव, लखन जंघेल, डॉ. पन्नालाल बाफना, धनीराम तराने, रामकृष्ण कन्नौजे, मधुसूदन अग्रवाल, ज्योति बडवाईक, सत्यप्रकाश मिश्रा, सौमित्र सोनी, हरीश भंडारी, डी एकेश राव, सुमित मिश्रा, रमन डोंगरे, परविंदर सिंग मोंटी, प्रिंस कक्कड़, गिरीश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

**जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी 14 को :** छुरिया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आगामी 14 जुलाई को कार्यकर्ताओं की जिला स्तरीय गोष्ठी आहूत की गई है।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082



### पीएम जनमन योजना के संबंध में बैठक, दिए निर्देश

# प्राथमिकता के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ दे : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने बैठक ली। बैठक में उन्होंने पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले में बैगा जनजाति क्षेत्रों में प्राप्त लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर विकसित करने सभी ग्रामों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा।

उन्होंने छुईखदान ब्लाक के ग्राम बकरकट्टा में 13 जुलाई को जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन को लेकर सभी अधिकारियों को आवश्यक तैयारी पहले से पूरा करने, गांवो में मुनादी कराने कहा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग शिविर का लाभ उठा सके। उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, जाति प्रमाण पत्र, जनधन खाता, राशन कार्ड, जल जीवन मिशन के तहत सभी घरों में पेयजल उपलब्ध कराने, बिजली, आवास, स्कूल और आंगनवाडी केन्द्र, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, जाति प्रमाण पत्र बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्राथमिकता के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र के अलावा वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करें। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीकांत देव शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, सीएचएमओ डॉ गणेशदास वैष्णव, ई जिला प्रबंधक मिथलेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बलौदा बाजार घटना की निंदा

# कार्यकर्ताओं पर अत्याचार युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बलौदा बाजार घटना की निंदा करते हुए युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महासचिव अनिमेष सिंह, जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि उस आंदोलन में संगठन के किसी भी पदाधिकारी ने शासकीय संपत्तियों को नुकसान नहीं पहुंचाया है, लेकिन पुलिस षड़यंत्र पूर्वक कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर कर अत्याचार कर रही हैं।

बलौदा बाजार की घटना पर सरकार सकारात्मक कार्रवाई नहीं करती है तो प्रदेश युवा कांग्रेस और प्रदेश एनएसयूआई के नेतृत्व




में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुमित जैन, अरुण भारद्वाज, दीपक देवांगन, तेजराम वर्मा, गौकरण जंघेल, जिला उपाध्यक्ष नदीम मेमन, शहर अध्यक्ष सोनू ढीमर, मोहित भोंडेकर, रिंकू गुप्ता, अशरफ सिद्दीकी, सौरभ साहू, यतेंद्रजीत सिंह, सूरज देवांगन वासु सिंह जयंत वर्मा सचिन साहू, पंकज साहू, वेदू वर्मा, डाकेश वर्मा, हमेश वर्मा, प्रदीप वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।


### खनिज के बेजा दोहन को संरक्षण

जिले में खनिज विभाग के संरक्षण पर अवैध ईट भट्ठों का संचालन, अवैध मुरूम खनन, बिना रॉयल्टी के रेत गिट्टी का परिवहन सहित अवैध रूप से संचालित गिट्टी खदान के खिलाफ शिकायत करने के बावजूद किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने, युवाओं को नशे के गिरफ्त में धकेलने आबकारी विभाग द्वारा विभिन्न ग्रामों में नई कंपोजिट दुकान खोलने की जानकारी मिलने पर शिकायत करने पर प्रशासन पर वाजिब जवाब नहीं देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दिया कि अगले 24 घंटे के भीतर जवाब नहीं मिलता है तो युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे।

### दुकानों की नीलामी 18 को

**राजनांदगांव।** नगर निगम स्वामित्व की दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर प्रथम तल में 6 दुकानें, हाईटेक बस स्टैंड जेल रोड के पास भूतल व प्रथम तल में कुल 21 दुकानें एवं मोती तालाब के पास भूतल एवं प्रथम तल में कुल 13 दुकानें एवं प्रथम तल में रेस्टोरेंट का निर्माण किया गया है। नवनिर्मित दुकानों का आबंटन (निर्धरित प्रीमियम तथा मासिक किराये पर) किए जाने उपरोक्त दुकानों की खूली नीलामी क्रमशः जेल रोड की 14 दुकानों एवं मोती तालाब की 11 दुकानों की नीलामी 18 जुलाई को अपरान्ह 12 बजे से टाउन हाल सभागृह में की जाएगी। नीलामी में भाग लेने आवेदन पत्र निगम कार्यालय के राजस्व शाखा से 18 जुलाई तक 11 बजे तक आवेदन फार्म एवं अमानती राशि जमा कर सकते हैं। इसी प्रकार दिल्ली दरवाजा व्यवसायिक परिसर प्रथम तल की 6 दुकानों की नीलामी 18 जुलाई को अपरान्ह 12 बजे से टाउन हाल सभागृह में की जाएगी। आवेदन पत्र एवं अमानती राशि 16 जुलाई को शाम 5 बजे तक जमा कर सकते हैं।






## सार समाचार

### डोंगरगढ़ नगर पालिका भाजपा ने दो पर्यवेक्षक बनाए

**राजनांदगांव।** नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ में हो रहे विवाद को लेकर जिला भाजपा ने इस मुद्दे को संगठनात्मक संज्ञान में लिया है और इसके निराकरण के लिए पार्टी ने दो पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है, जो इस विवाद से संबंधित सारे पहलुओं की जानकारी लेकर उसका निराकरण करेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने इस विषय के निपटारे के लिए प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा व जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसकी सूचना संबंधित लोगों को देकर पार्टी फोरम के भीतर निराकरण करने का निर्देश दिया है।

### बच्चों को पेन-कापी वितरित

**राजनांदगांव।** शाला प्रवेश उत्सव हाईस्कूल जोशीलमती में कक्षा 9वीं एवं



10वीं के बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव में चित्रांगदा साहू, पंचराम साहू, धनंजय साहू व रामाधार साहू पंच ने पुस्तक के साथ पेन व कापी भेंट कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अशोवंतिन सोरी, व्याख्याता होरीलाल भुआर्य, व्याख्याता अजय चंद्रवंशी, व्याख्याता गैंदलाल कोलियारे व स्कूली बच्चे उपस्थित थे। उक्त जानकारी व्याख्याता चैनकुमार सोनवानी ने दी।

## निधन



### श्याम दुलारी बख्शी

**छुईखदान।** अविभाजित राजनांदगांव जिले के छुईखदान निवासी व प्रतिष्ठित पटवारी रहे स्व. नारायणलाल बख्शी की पत्नी श्याम दुलारी बख्शी 96 साल का गुरुवार दोपहर निवास में निधन हो गया। स्व. श्याम दुलारी बख्शी रगरा के सरपंच अनिल श्रीवास्तव, बिलासपुर के आलोक श्रीवास्तव, राजनांदगांव के अतुल श्रीवास्तव, बिलासपुर के आकाश श्रीवास्तव, बिलासपुर के अमित श्रीवास्तव, छुईखदान के अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव और हैदराबाद के शशांक श्रीवास्तव की नानी थी।

### डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत आरी-कोनारी की घटना

# इलेक्ट्रिक दुकान में चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इलेक्ट्रॉनिक दुकान के शटर का ताला तोड़कर सामान चोरी मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी भरत शर्मा 26 वर्ष निवासी ग्राम आरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह एक माह पूर्व से ही ग्राम आरी-कोनारी में शीतला मंदिर के पास राकेश देवांगन के कॉम्लेक्स में किराये पर "गतिमान इलेक्ट्रिकल एंड रिपेयरिंग" के नाम से इलेक्ट्रिक दुकान संचालन कर रहा है।

रोज की तरह 24 जून की रात्रि करीबन साढे 9 बजे अपना इलेक्ट्रिक दुकान बंद कर घर आ गया। 25 जून को सुबह करीबन 7 बजे राकेश देवांगन द्वारा फोन से सूचना दिया कि गतिमान इलेक्ट्रिकल एंड रिपेयरिंग दुकान का एक ताला टूटा हुआ है। सूचना पर प्रार्थी मौके में अंदर जाकर देखा तो दुकान में रखे इलेक्ट्रिकल सामान बिखरा हुआ था। अज्ञात चोर दुकान में रखे सामानों को चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया।

### सामान खरीदने वाला भी गिरफ्तार



### दोस्तों के साथ मिलकर की चोरी

इस दौरान मुखबीर से पता चला कि ग्राम तिलईरवार निवासी खिलेन्द्र कुमार उर्फ बंटी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सामान को फक्कीटोला के किसी व्यक्ति के पास बिक्री किया है। पुलिस ग्राम तिलईरवार पहुंचकर संदेही आरोपी खिलेन्द्र कुमार उर्फ बंटी को चोरी करने के संबंध मे पूछताछ किया, तब वह अपने साथी सुरज कोसरे, राकेश निर्मलकर एवं राकेश कुमार साहू के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। जिसका मौके पर मेमोरंडम कथन लिया गया है। जिसमें वाहन में चोरी किए गए इलेक्ट्रॉनिक सामान को भरकर ग्राम फक्कीटोला निवासी लक्ष्मीनारायण साहू के घर में ले जाकर बेचना बताया।

### सामान बरामद

पुलिस ने लक्ष्मीनारायण साहू के घर पर तलाशी के दौरान चोरी गए सामानों में से 16 नग सीलिंग फैन, 18 नग पंखे का ब्लेड, 2 नग एलईडी टीवी, एक नग होम थियेटर, 2 नग स्पीकर बॉक्स, 3 नग एम्पीफायर 9 नग रेचार्रेबल टार्च, 15 बंडल वायर, 9 नग थ्रीपिन एवं 13 डिजिटल केबल वायर को समक्ष गवाहों के बरामद किया गया है, जिसे आरोपी खिलेन्द्र कुमार उर्फ बंटी साहू निवासी तिलईरवार के पेश करने पर जब्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया एवं 9 जुलाई को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह 10 जुलाई को जरिये मुखबीर सूचना मिली कि प्रकरण के फरार आरोपी लक्ष्मीनारायण साहू अपने घर पर है। पुलिस ग्राम फक्कीटोला में पहुंचकर घेराबंदी कर दबिश दिया। आरोपी लक्ष्मीनारायण साहू घर पर ही मिला, जिसे पूछताछ करने पर चोरी का इलेक्ट्रॉनिक सामान आरोपीगण से खरीदना जुर्म स्वीकार किया, जिसे 10 जुलाई को गिरफ्तार कर कार्रवाई किया गया है।

## नीट की परीक्षा में घोटाले का आरोप, निकाली मशाल रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीट की परीक्षा में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते धांधली का आरोप लगाकर एनएसयूआई द्वारा राजनांदगांव शहर में मशाल यात्रा निकाली गई। वहीं जयस्तंभ चौक पर केंद्र सरकार के खिलाफ एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते नीट की परीक्षा पुनः आयोजित करने की मांग की।

राजनांदगांव शहर में मशाल यात्रा निकालते एनएसयूआई के कार्यकर्ता जयस्तंभ चौक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार को नीट घोटाले के आरोप में घेरते जमकर नारेबाजी की। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा 24 लाख छात्रों के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि नीट की सीबीआई जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर यह मशाल यात्रा सरकार को जगाने के लिए आयोजित की गई है। देश में पहली बार 66 विद्यार्थियों ने टॉप किया है और सभी को 720 में से 720 अंक मिले हैं, जो एक बड़ा घोटाला है और अन्य छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने मांग करते कहा कि इस परीक्षा को रद्द कर पुनः नीट की परीक्षा आयोजित की जाए।

### परीक्षा दोबारा आयोजित करने की मांग

एनएसयूआई ने अपने प्रदर्शन के दौरान कहा कि नीट घोटाले में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े लोग शामिल हैं, इसलिए इस घोटाले में कार्रवाई नहीं की जा रही है। नीट की परीक्षा जब तक दोबारा आयोजित नहीं की जाएगी, तब तक एनएसयूआई द्वारा समय-समय पर आंदोलन किया जाएगा।

## दो महिला माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**मोहला।** सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण योजना से प्रभावित होकर दो महिला माओवादियों ने गढ़चिरौली पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित महिला माओवादियों में सरकार ने कुल 16 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकानी के अनुसार महाराष्ट्र गढ़चिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत 2005 से सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण योजना के कारण और हिंसा की जिंदगी से तंग आकर अब तक वरिष्ठ माओवादियों समेत कई झाल माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं पुलिस बल द्वारा आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के पुनर्वास के कारण गढ़चिरौली पुलिस बल के सामने कुल 668 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।





### पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण

11 जुलाई दो महिला माओवादी प्रमिला सुखराम बोगा उर्फ मंजूबाई, प्लाटून पार्टी कमेटी सदस्य, सप्लाई टीम, स्टाफ टीम 36 वर्ष निवासी बोगाटोला (गजमंडी) टी. धनोरा, जिला गढ़चिरौली और अखिला शंकर पुडो उर्फ रत्नमाला उर्फ आरती प्लाटून पार्टी समिति सदस्य, आपूर्ति टीम, स्टाफ टीम 34 वर्ष निवासी मरकेगांव धनोरा जिला गढ़चिरौली पुलिस बल के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। प्रमिला सुखराम बोगा उर्फ मंजूबाई पर महाराष्ट्र सरकार ने 8 लाख रुपए एवं अखिला शंकर पुडो उर्फ रत्नमाला उर्फ आरती पर महाराष्ट्र सरकार ने 8 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।

## मोहन मरकाम ने की कांग्रेसियों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मोहन मरकाम राजनांदगांव और कवर्धा जिले के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राजनांदगांव के स्थानीय सर्किट हाउस में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते चर्चा की।

कांग्रेस कमेटी के एक शोकाकुल परिवार से मिलने राजनांदगांव पहुंचे पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने यहां कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से भी भेंट करते उनसे चर्चा की। इस चर्चा के दौरान राजनांदगांव लोकसभा चुनाव को लेकर बाहरी प्रत्याशी का मुद्दा हावी रहा। इस दौरान यहां के कांग्रेसियों ने यहां तक कह डाला कि जब आप राजनांदगांव में बाहरी प्रत्याशी भेजते हैं तो फिर रायपुर के उपचुनाव में यहां का प्रत्याशी जाकर अतिक्रमण क्यों न करें, जिस पर मोहन मरकाम ने भी मुस्कुराते हुए



कह दिया कि यहां के प्रत्याशी भी किसी से काम नहीं हैं। स्थानीय सर्किट हाउस में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते मोहन मरकाम ने राजनांदगांव कांग्रेस की गतिविधियों को लेकर चर्चा की।

मोहन मरकाम के राजनांदगांव पहुंचने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनके स्थानीय सर्किट हाउस पर फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। वहीं सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी से सामूहिक बैठक करते हुए। राजनांदगांव जिले सहित लोकसभा क्षेत्र के राजनीतिक हालातों पर चर्चा की। इस दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, महापौर हेमा देशमुख, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शाहिद खान, थानेश्वर पाटिल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, मेहुल मारू सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अपने प्रत्याशी को फायदा पहुंचाने परिसीमन

पत्रकारों के सवाल का जवाब देते मोहन मरकाम ने भारतीय जनता पार्टी को आड़े हाथों लेते कहा कि भाजपा में बुरी स्थिति है। प्रदेश में दो मंत्री पद खाली हैं। जिसमें ये नियुक्ति नहीं कर पा रहे हैं। सीनियर नेताओं को मंत्री नहीं बनाकर नए नवेलो को मंत्री बनाया गया है। वहीं वार्ड के परिसीमन को लेकर मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा की सरकार अपने प्रत्याशियों को फायदा पहुंचाने के ढंग से परिसीमन करा रही है। जिसका विरोध करते हम न्यायालय जाएंगे। वहीं उन्होंने प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद कानून व्यवस्था को बदतर बताया है और गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग की है। वहीं राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में बाहरी प्रत्याशी को टिकट देने के मामले में मोहन मरकाम ने कहा कि जो हाई कमान का निर्णय होता है, उसे सबको मानना पड़ता है।

## शहादत की 15वीं बरसी आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अविभाजित राजनांदगांव जिले के कोरकोट्टी और मदनवाड़ा क्षेत्र में शहीद हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार चौबे सहित अन्य 29 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की शहादत को नमन करने के लिए शहादत की 15वीं बरसी पर सुबह 9 बजे स्थानीय पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान वीर सपूतों की याद में वृक्षारोपण और रक्तदान शहीदों के नाम आयोजन किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा अपने प्राणों की आहुति देने वाले 29 पुलिस जवानों को नमन करते शहीद परिवारों का सम्मान किया जाएगा।

### जवानों की शहादत को नमन

12 जुलाई 2009 को मानपुर क्षेत्र के ग्राम कोरकोट्टी में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एम्बुश में फंसकर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शहीद विनोद कुमार चौबे सहित 29 पुलिस जवानों की शहादत हुई थी। जिनकी याद में रक्षित आरक्षी केन्द्र राजनांदगांव के मंगल भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया गया है।

## जयंती के मौके पर चिद्दो में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडी

ग्राम पंचायत चिददो में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर पौधरोपण किया गया।

मुख्य अतिथि जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण साहू, विशिष्ट अतिथि वर्षा गेड़ाम, डॉ. हनस पटेल थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने डां. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर श्रीमती साहू ने डॉ मुखर्जी के जीवन संघर्ष को विस्तार से बताया।

इस दौरान पूर्व माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला, पंचायत में गुलमोहर, नीम, करंज, पीपल



सहित अन्य के पौधे लगाए गए। इस मौके पर पंचायत सचिव मंगतूराम यादव, देवका कचलारिया, प्रवीण सेठ, शशिकांत दुबे, अनिता वर्मा, विलास सहारे, शीला कठाने, गोदावरी ठाकुर, चंद्रिका सलामे, भानुप्रताप नेवारे, कमलराम सिन्हा, बाबूलाल निर्मलकर, केजऊ राम धुर्वे, देवेंद्र साहू, कमलाबाई विश्वकर्मा, मंजूबाई साहू, रजवंतीणबाई साहू, गीता विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## शहीदों की याद में शहर में निकलेगा ताजिया का जुलूस 17 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्राचीनकाल और सियासत काल से लेकर आज अपनी परंपरा के अनुसार मुस्लिम तेली समाज द्वारा इस वर्ष भी करबला के शहीदों की याद में मोहर्रम के अवसर पर भव्य एवं आकर्षक ताजिया निकाला जाएगा।

मुस्लिम तेली समाज के शोहदाए करबला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सिकंदर गोरी ने बताया कि मुस्लिम तेली समाज की आवश्यक बैठक में समाज के बुजुर्ग एवं नौजवानों को लेकर समिति का गठन भी किया गया। जिसमें इस वर्ष होने वाले मोहर्रम पर्व की भव्यता को लेकर विचार-विमर्श कर अंतिम रूप दिया गया। जिसकी



सुंदरता को सजाया एवं सवारा है। जुलूस की भव्यता को लेकर मुस्लिम तेली समाज द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। इस वर्ष मोहर्रम 17 जुलाई को दोपहर 3 बजे ताजिया ठेठवारपारा (तेलीपारा) से गौशालापारा, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाईन, भारत माता चौक, गंज लाईन स्थित मामा-भांजा मजार के पास पुनः वापस भारत माता चौक होते हुए सदर बाजार, बसंतपुर थाना, दुर्गा चौक होते हुए दिग्विजय कॉलेज के पास स्थित सैय्यद बाबा अटल शाह मजार में अंतिम कार्यक्रम होगा। इस वर्ष मोहर्रम का जुलूस जो रात्रि में निकाला जाता था, इस वर्ष नहीं निकाला जाएगा। इस वर्ष दिग्विजय कॉलेज मैदान में ही शहर का मशहूर हैदरी अखाड़ा साथ ही महाराष्ट्र नागपुर के मशहूर फनकार, गायक न्यू मयकश मटका पार्टी के हाजी खलील ताजी भाई की मटका पार्टी भी अपनी-अपनी आकर्षक प्रस्तुति देगी।

मुस्लिम तेली समाज शोहदाए करबला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सिकंदर गोरी के अलावा हाजी इल्मुद्दीन गोरी, हाजी इदू झाड़ोदिया, हाजी गानी झाड़ोदिया, हाजी नजीरूद्दीन चौहान, हाजी ईशाक भाटी, हाजी लुकमान भिनसरा, आदिल झाड़ोदिया, हाजी सदरूद्दीन बडग़ुजर, इकरामुद्दीन सोलंकी, हाजी समीम बडग़ुजर, हाजी रज्जाक जिंदरान, हाजी रहमान सोलंकी, हाजी बशीर गोरी, नासीर जिंदरान, हाजी इल्मुद्दीन झाड़ोदिया, मैनुद्दीन चौहान, सलीम गोरी, हाजी इस्लामुद्दीन झाड़ोदिया, मंगलू सोलंकी, हाजी फिरोज, नासीर चौहान, सुल्तान चौहान, हाजी यासीन चौहान, सरफुद्दीन, जावेद गोरी, रफीक गोरी, शब्बीर चौहान, जावेद बडग़ुजर, कलीम गोरी, जावेद गोरी, अजीज गोरी, नत्थु गोरी, युसुफ गोरी, असगर सोलंकी, कालू भाटिया, राजू जिंदरान, अनवर कुलडिय़ा, शेरू जिंदरान ने धर्मप्रेमी बंधुओं से मोहर्रम के जुलूस में शामिल होनी की अपील की है।

### गोपालपुर रीपा केन्द्र में जनप्रतिनिधियों ने किया पौधारोपण

# पौधे रोपकर संवर्धित करने की उठाएं जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है जिसके लिए सभी को पौधे लगाने के लिए आगे आना चाहिए।

पौधे हमे जीवन वायु देते हैं। यह विचार वन विभाग द्वारा गोपालपुर के रीपा केन्द्र मे आयोजित वन महोत्सव में नगर पंचायत अध्यक्ष पार्तिका संजय महोबिया ने रखे। उन्होंने सभी से पेड़ पौधों को संरक्षित करने कहा ताकि जीवन सुखमय हो।

कार्यक्रम में जिला भाजपा के उपाध्यक्ष प्रेम नारायण चंद्राकर ने कहा कि चार साल पहले विश्व




कोरोना वायरस की चपेट में आ गया था। उस समय एहसास हुआ कि पेड़ का मतलब क्या है। आक्सीजन कहां से आता है। पौधे लगाना क्यों जरूरी है। सभी को पौधे लगाकर जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देना चाहिए। जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष सज्जाक खान ने कहा कि सभी को पौधे लगाने के साथ उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाना होगा तभी पौधे लगना सार्थक होगा।

इस मौके पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमाकांत महोबिया, वन परिक्षेत्र अधिकारी अशोक वैष्णव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पार्तिका महोबिया, प्रेम नारायण चंद्राकर, सज्जाक खान, संजय महोबिया, उमाकांत महोबिया, पन्ना मंडावी, सुखमा बृजलाल साहू, लखेश्वर चंदेल, वन परिक्षेत्र अधिकारी अशोक वैष्णव, डिप्टी रेंजर बंजारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रधानपाठक उसारे हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के अंतर्गत मानपुर विखं के शा. कन्या पूर्व मा. शाला भर्रीटोला के प्रधानपाठक श्यामूलाल उसारे अर्द्धवार्षिकी आयु पूरा करने के उपरांत 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार एवं ग्रामीणों द्वारा भावभीनी बिदाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने उनके मधुर व्यवहार व उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख करते सराहना की।

वक्ताओं एवं अतिथियों ने उनके कार्यों पर प्रकाश डालते कहा कि श्री उसारे अपने कार्यों के प्रति बहुत ही समर्पित, समय के प्रति पाबंद एवं अनुशासित शिक्षक रहे हैं। उन्होंने अपने शिक्षकीय जीवन के दौरान पूरी प्रतिबद्धता, निष्ठा एवं लगन से विद्यार्थियों की सेवा कर वनांचल



क्षेत्र में शिक्षा की अलक जगाने में महती भूमिका निभाई है।

उल्लेखनीय है कि श्री उसारे की प्रथम नियुक्ति 25 जुलाई 1983 को मानपुर विखं के प्राथमिक शाला डोड़के में सहायक शिक्षक के रूप में हुई थी। इस पद पर वे अपनी लंबी सेवा उपरांत वर्ष 2007 में उच्च वर्ग के पद पर पदोन्नत होकर शा. कन्या पूर्व मा. शाला भर्रीटोला में अपनी सेवाएं दी। इसके उपरांत वे 2 फरवरी 2011 को शा.कन्या पूर्व मा. शाला भर्रीटोला में ही प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नत होकर अपने शिक्षकीय जीवन के अंतिम कार्यकाल 30 जुलाई 2024 इसी शाला में पदस्थ रहे। कार्यक्रम में अतिथियों, वक्ताओं तथा उनके मित्रों एवं शुभचिंतकों ने श्री उसारे को सेवानिवृत्त होने पर शुभकामनाएं दी।

## अनदेखी : विद्यार्थियों को स्कूल ले जाने-लाने में लगे वाहनों में पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम नहीं

# अनफिट ऑटो-वैन में ढ़ोए जा रहे स्कूली बच्चे, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों निजी स्कूल संचालित किए जा रहें है वहीं स्कूली विद्यार्थियों को घर से स्कूल व स्कूल से घर तक लाने ले-जाने में निजी स्कूल संचालकों की भारी लापरवाही सामने आ रही है। जिसमें अनफीट ऑटो व वैन में स्कूली बच्चे ढ़ोए जा रहें है। मिली जानकारी के अनुसार शासन प्रशासन व परिवहन विभागीय अधिकारियों के नियम कायदा कानून को ताक पर रखकर निजी स्कूल संचालकों द्वारा अनफीट ऑटो व मिनी वैन में स्कूली विद्यार्थियों को ढोए जा रहे हैं, जिससे छोटी बड़ी हादसे की आशंका बनी हुई है।

जिसमें वाहन मालिकों को न तो यातायात पुलिस का डर है और न ही हादसों का। इतना नहीं, अनफीट गाड़ियों में छात्र छात्राओं को घर से स्कूल व स्कूलों में घर पहुंचाया जा रहा है। इन वाहनों में सुरक्षा के नाम पर कोई पुख्ता इंतजाम ही नहीं हैं। जिले के निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को समय पर स्कूल भेजने के लिए सैकड़ों अभिभावकों को निजी वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता है।

समय और संसाधन से जूझ रहे अभिभावकों की मजबूरी का फायदा वाहन चालक व प्राईवेट निजी स्कूल संचालकों द्वारा उठाया जा रहा है। वाहन चालकों द्वारा अनफीट वाहनों में स्कूली बच्चों को ठूंस-ठूंसकर भरा जा रहा है। साथ ही साथ परिवहन व विभागीय अधिकारियों द्वारा हर वर्ष जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। स्कूल खुलने के बाद से स्कूलों के बाहर वाहनों की कतार लग जाती है। खासकर निजी स्कूलों के सामने कई अनफीट वाहन खड़े रहते हैं। परिवहन विभाग व यातायात शाखा द्वारा समय-समय पर स्कूल बसों की जांच की जाती है वहीं चालान भी काटे जाते हैं, लेकिन ऐसे वाहनों पर मेहरबानी जारी है। वाहन संचालकों को केवल समझाइश देकर छोड़ दिया जाता है, उसके बाद व्यवस्था ऐसे ही चलती रहती है। विभाग को भी कोई दुर्घटना होने का इंतजार है। जिस पर अभिभावकों ने शासन प्रशासन व विभागीय परिवहन विभाग को जांच कि मांग की गई।



### ऑटों व वैन में सुविधा-सुरक्षा की अनदेखी

यविद्यार्थियों को घर से स्कूल व स्कूल से घर तक लाने ले-जाने में ज्यादातर पालकों की अपनी मजबूरी होती है। वे बच्चों को लेने के लिए स्कूल निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पाते हैं। इस कारण बच्चों के लिए ऑटो या वैन बुक कर देते हैं। वहीं सुरक्षा मानकों पर ध्यान नहीं देते हैं, ऐसे वाहन स्कूल से घर तक बच्चों को छोड़ते हैं। फिर ऑटो अपनी निर्धारित रूट पर चलने लगते हैं। स्कूलों में कई विद्यार्थी अपने मोटर सायकल लेकर आते हैं। कई बार एक बाइक में तीन छात्र छात्राएं सवार होकर निकलते हैं जिस पर जिम्मेदारों द्वारा तीन सवारी मोटर सायकल पर कोई सख्ती नहीं बरती जाती है

### वाहन चालकों की नहीं होती जांच

यातायात शाखा व परिवहन विभाग निजी स्कूल के बस चालकों की समय-समय पर स्वास्थ्य व आंखों की जांच करता है। लेकिन ऑटो व वैन के चालकों की जांच नहीं होती है। कई वाहन चालक द्वारा भारी लापरवाही पूर्वक व तेज गति से गाड़ी चलाते हैं। जिसके कारण समस्या और बढ़ जाती है। साथ ही साथ गाड़ी में सुरक्षा जाली लगी हो, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, इमरजेंसी डोर, वाहन की फिटनेस, वाहन पीला रंग का हो, स्कूल वैन लिखा होना चाहिए।

# कोलेगांव सब स्टेशन के ग्रामीण बिजली की आंख-मिचौली व लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे

- किसानों व पेयजल की परेशानियां बढ़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव को बिजली सब स्टेशन सें सुचारू रूप से बिजली नहीं मिलनें से ग्रामीणों व किसानों को भारी दिक्कतों व परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों मिली जानकरी के अनुसार कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामवासियों को लो-वोल्टेज व बिजली की ऑख मिचौली से परेशान है।

प्राप्त जानकारी अनुसार कोलेगांव सब स्टेशन में चार फिल्टर लाइन में बांटा गया है एक-एक फिल्टर में 8 गांव आते हैं वहीं एक गांव के फिल्टर में खराबी व समस्या आने पर विभीगीय अधिकारियो व जिम्मेदारों द्वारा चारों फिल्टर बिजली काटना पड़ता है जिससे चारों फिल्टर के ग्रामवासियों व किसानों भारी परेशानियां का सामना करना पड़ा है। जिस पर ग्रामीणो ने शासन-प्रशासन व विभागीय अधिकारियों से मांग कर चारों फिल्टर को अलग-अलग किए जाने कि अपील की गई ताकि ग्राम कोलेगांव, धनेली, भगतपुर, सेमरकोना, अमलीमालगी, कुआंमालगी, सोमनापुर, भटरूसे व आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व किसान को बिजली सुविधा व राहत मिल सकें।

## अंशुल धुर्वे का आईआईटी में हुआ चयन, संगठन ने दी बधाई



**हरिभूमि कवर्धा।** जेइ एडवांस परीक्षा 2023-24 में अंशुल कुमार धुर्वे पिता तिरु शिवचरण सिंह धुर्वे निवासी जोराताल का चयन आईआईटी रोपर पंजाब में इंजीनियरिंग फिजिक्स ब्रांच में हुआ है। अंशुल कुमार धुर्वे हाई स्कूल तक पढ़ाई दिशा पब्लिक स्कूल इंग्लिश माध्यम कवर्धा से तथा कक्षा 12वीं गणित संकाय स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कवर्धा से उत्तीर्ण किया है। अंशुल धुर्वे बचपन से प्रतिभा शाली व मेहनती छात्र रहे है। उनके आईआईटी में चयन होने पर संगठन के लवन सिंह कंवर, सुधीर सिंह सोम, सीएस धुव, डॉ आईएस ठाकुर, पीएल धुव, एलआर जेठवंत, ऋषि धुव, प्रेम सिंह टेकाम, डॉ बीएल राज, मालिक धुव, देवन धुर्वे, जेएल पंन्द्रे, एसएल पंन्द्रो, एनएल मरकाम, आसकरण सिंह धुर्वे, डॉ केशव धुव, अंजोर सिंह सिदार, चुरामन धुर्वे, शिवराम सिंह श्याम, रोहित कुमार धुर्वे, मनहरण तुरकेले, गेंदूराम मेरावी दिलीप कुमार धुर्वे, दामोदर उइके, सुरेन्द्र मरकाम, ईश्वर सिंह परस्ते, हितेंद्र कुमार सोम, केदार नाथ माठले, तिहारी नेताम, गुलाब धुर्वे मालिक मरकाम, जागेश्वर धुर्वे सहित सभी पदाधिकारियों तथा के माता-पिता व ईष्टमित्रों ने बधाई दी।

## खबर संक्षेप



### खैरझिटी खुर्द स्कूल अपनी ओर आकर्षित कर रही

**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत स्थित शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला अपनी ओर आकषित कर रही है। पूजा कमेलश राजपूत नें बताया कि शाला परिसर व शानदार माहौल अपनी आकर्षित करने वाला है। छात्र छात्राएं तेजी से शिक्षा व गमलें में पौधे लगे हुए जिससे शाला परिषर का माहौल अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। इस अवसर पर प्रधान पाठक वोकेश नाथ योगी, कमलेश राजपूत, रोहित, विकास राजपूत, श्रीमती पूजा राजपूत, मनीषा राजपूत, उत्तम राजपूत, बद्रीका राजपूत, श्रीमती दुर्गा राजपूत व श्रीमती शिवकुमारी राजपूत सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# पीजी कॉलेज में विश्व जनसंख्या दिवस मना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के आचार्य पंथ श्री गृंध मुनी नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में रासेयो के महिला व पुरुष इकाई के संयुक्त तत्वाधान गुरूवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएस चौहान ने की, उन्होंने कार्यक्रम आयोजन हेतु रासेयो को शुभकामनाएं देते हुए इस दिवस के महत्व को बताया। वही महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी कविता कन्नौजे द्वारा इस दिवस के उद्देश्य, इतिहास, जनसंख्या, जनगणना, जनसंख्या नियंत्रण, जनसंख्या एवं पर्यावरण पर व्याख्यान दिए तथा जनसंख्या नियंत्रण पर शपथ दिलाई।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ ऋचा मिश्रा, डॉ दीप्ति टिकरिहा, डॉ अनिल शर्मा, नरेंद्र कुमार कुलमित्र, आकांक्षा वर्मा, डॉ सीमा मंडावी, डॉ राकेश चंदेल, डॉ सुनीता जाखड़, जय मेहरा, खेलन माहुले सहित अधिकारी-कर्मचारी व रासेयो के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स, यूथ रेड क्रॉस एवं रेड रिबन समिति के वॉलिंटियर्स तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# कलेक्टर उल्टी-दस्त के बाद मौत के वास्तविक कारणों का जायजा लेने वनांचल ग्राम पहुंचे

## कुओं को क्लोरिनेशन कराने व ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के बोड़ला विकासखण्ड के सुंदूर वनांचल ग्राम सोनवाही में 10 जुलाई को उल्टी-दस्त से दो ग्रामीणों की अकास्मिक मौत का वास्तविक कारणों का पता लगाने कलेक्टर जनमेजय महोबे व जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल एवं स्वास्थ्य, पीएचई, बोड़ला अनुविभागीय अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से गांव का अवलोकन किया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात किए। कलेक्टर ने गांव के सभी पारा-मोहल्ले में पहुंचकर ग्रामीणों से स्वास्थ्यगत आवश्यक परिचर्चा की गई। उन्होने ग्रामीणों द्वारा पेयजल के लिए उपयोग में लाए जा रहे कुंआ का भी अवलोकन किया।

लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को गांव के सभी कुओं का क्लोरिनेशन कराने व ग्राम के सभी ग्रामीणों को स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। श्री महोबे ने ग्राम झलमला में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया उन्होने वंनाचल क्षेत्र में डायरिया, उल्टी-दस्त, जलजनित बीमारी, मलेरिया के बचाव के लिए गांव-गांव में जन-जागरूकता अभियान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही बरसात के दिनों में जंगली जहरिले मशरूम के सेवन ना करने लोगों को जन-जागरूक करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री महोबे ने बोड़ला अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त एवं सीएचएचओ ने पूरी जानकारी ली। उन्होने 10 जुलाई को हुई दो ग्रामीण सोनसिंह पिता ईतवारी आयु 45 वर्ष व फूलबाई पति मंगल सिंह मृतक परिवारों से भी मुलाकात की गई। चर्चा के दौरान कलेक्टर को ग्रामीण संजय ने बताया कि 10 जुलाई को अचानक रात को सोनसिंह अपने खेत से लौटे, उसके बाद उन्होने तबियत खराब होने की बात अपने घर वालों को बताया। उन्हे उल्टी हुई और तीन से चार घंटे बाद उसकी आकस्मिक मौत हो गई। इसी प्रकार महिला फूल बाई की भी उल्टी और तबियत खराब से मृतक होना बताया गया है। इन दोनों का घर अलग-अलग मोहल्ले में है। सीएमएचओ डॉ राज ने बताया कि फुलबाई के घर के दो और सदस्यों की तबियत खराब है, जिन्हे झलमला में भर्ती कराया गया है। कलेक्टर ने दोनों का स्वास्थ्य सुधार की जानकारी लेने अस्पताल पहुंचकर अवलोकन भी किया।

डॉ राज ने बताया कि जांच एवं पुछताछ के प्रथम दृष्टयता में जंगली मशरूम एवं अन्य कोई विषाक्त भोजन सेवन की जानकारी मिल रही है। मौत का वास्तविक कारण पीएम रिपोर्ट मे ही सामने आएगी। उन्होने बतया कि गांव में मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए जैनरिक दवाइयों को वितरण किया जा रहा है। पीएचई कार्यपालन अभियंता जीपी गौड ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर गांव के 12 कुओं को क्लोरिनेशन एवं जल परीक्षण के लिए सैम्पल लिए जा रहे है।

### स्वास्थ्य परीक्षण में मलेरिया के पाजेटिव मरीज मिले

कलेक्टर ने ग्राम सोनवाही में मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए ग्राम संचालित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान बोड़ला बीएमओ डॉ विवेक चन्द्रवंशी ने बताया कि जांच में 8 ग्रामीणों में मलेरिया पॉजेटिव पाई गई है। सभी को दवाईयां दी गई है। कलेक्टर ने सोनवाही सहित आसपास के गांवों में भी स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए है। श्री महोबे ने स्वास्थ्य विभाग को वनांचल क्षेत्र में डायरिया, उल्टी-दस्त, जलजनित बीमारी, मलेरिया के बचाव के लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाने के निर्देश दिए।

# नए कानून में दंड से न्याय की ओर समाज को अग्रसर करने का प्रयास किया गया

- 1 जुलाई से लागू हुए नए कानून का प्रावधान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गुरूवार को जिला में पुलिस प्रशासन द्वारा भारत में 1 जुलाई से लागू हुए नए कानून क्रमशः भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधानों की जानकारी देने के संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस वार्ता में जिले के मीडियाकर्मियों को नए कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक आम नागरिकों तक नए कानून के विशेष प्रावधानों को पहुंचाने हेतु अपील किया गया। जिला में प्रशासन ने इन नए कानूनों की जानकारी को आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। इसके तहत विभिन्न जन-जागरूकता अभियान चलाए गए, जिसमें जन-जागरूकता रैलियां, डिजिटल मीडिया का उपयोग शामिल है। जिला पुलिस द्वारा सामुदायिक बैठकें आयोजित की गईं, जिसमें नागरिकों को नए कानूनों के प्रावधानों और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। जिसमें प्रमुख बदलावों पर विशेष जोर दिया गया जैसे ई-एफआईआर और जीरो एफआईआर शिकायत दर्ज करना और भी आसान, साक्षी सुरक्षा नियमः साक्षियों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सूचना, पीड़ित को केस की विवेचना की जानकारी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही, साक्षियों की पहचान उजागर न करना, पुलिस कार्यवाहियों की वीडियोग्राफी, गंभीर अपराधों में एफएसएल यूनिट की सहायता, महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों के लिए नए प्रावधान, बच्चों के विरुद्ध अपराधों में मृत्युदंड, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को प्राथमिक साक्ष्य के रूप में स्वीकार करना, बुजुर्गजनो के लिए विशेष सुविधाएं



पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रेसवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल, एसडीओपी पंडरिया पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षण श्रीमती मोनिका परिहार, सतीश धुर्वे, कृष्ण कुमार चंद्राकर एवं जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित थें। जनता को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों का बोध होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि कानून का पालन सुनिश्चित किया जा सकें। 1 जुलाई से पूर्ण रूप से लागू हुए नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# वार्ड परिसीमन प्रक्रिया पूरी, 15 तक कर सकते हैं दावा आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

नगरपालिका अंतर्गत आने वाले वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आगामी 15 जुलाई दावा आपत्ति मंगाया गया है। गत 24 जून से 8 जुलाई तक जारी परिसीमन प्रक्रिया में शहर के 20 में से दस वार्डों की सीमा में बदलाव आया है। नए परिसीमन के बाद शहर के वार्ड एक, दो, तीन, चार, नौ, दस और 12, 13, 14 वार्ड का नया खाका तैयार किया गया है। शासन के आदेश के बाद वार्ड परिसीमन प्रक्रिया में 2011 में वार्डों की जनसंख्या के आधार पर कम ज्यादा जनसंख्या वाले वार्डों को बराबर कर जनसंख्या का अंतर कम करने का प्रयास प्रारंभिक तौर पर करने के बाद उसका प्रारंभिक प्रकाशन कर 15 जुलाई तक दावा आपत्ति मंगाई गई है जिनके निराकरण बाद अंतिम प्रकाशन होगा।

परिसीमन में वार्डों में जनसंख्या अनुपात बराबर करने, नई सीमा तय करने जैसी प्रक्रिया से लगभग दस वार्डों को फर्क पड़ा है। नए सिरे से किए गए परिसीमन में वार्ड एक पिपरिया के कुछ हिस्सो को वार्ड 2 में जोडा गया है। इसी तरह वार्ड तीन गंजीपारा के एक हिस्से को वार्ड 10 लालपुर मोंगरा में शिफ्ट किया गया है। वार्ड 4 राजफेमली का एक हिस्सा वार्ड 3 गंजीपारा में शामिल किया गया है। वार्ड 9 इतवारीबाजार को छोटा कर वार्ड 6 बरेठपारा में जोड़े जाने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह वार्ड 12 का कुछ कुछ हिस्सा वार्ड 13 धनेली और वार्ड 14 सोनेसरार में जोड़ा गया है।

### नहीं लगी भनक, अब आपत्ति की तैयारी

वार्डों के परिसीमन के दौरान शहर के पार्षदों सहित जनप्रतिनिधियों को परिसीमन में किए गए जोड़तोड़ की भनक नहीं लग पाई है लेकिन दावा आपत्ति के लिए प्रांरभिक प्रकाशन के बाद नए परिसीमन में एक दो वार्डों में जोड़तोड़ कराए जाने और परिसीमन में किए गए जोड़तोड़ को वापस करने की तैयारी की जा रही है। पिछली बार 2015 के पालिका चुनाव के दौरान भी ऐसी स्थिति सामने आई थी जब कुछ वार्डों का परिसीमन बदला गया था। हालांकि वार्ड की स्थिति ज्यों की त्यो रखी गई है लेकिन बीस में से दस वार्डों में जनसंख्या अनुपात से हुई जोड़तोड़ से कई वार्ड में नाराजगी और खुशी भी दिख रही है हालांकि दावा आपत्तियों के निराकरण बाद ही इसमें स्थिति साफ हो पाएगी।


### दावा आपत्ति कर सकते

जनसंख्या अनुपात में वार्डों के नए परिसीमन कर प्रारंभिक प्रकाशन के साथ दावा आपत्ति विहित अधिकारी एसडीएम कार्यालय में मंगाई गई है। दावा आपत्ति पर कार्रवाई विहित अधिकारी द्वारा की जाएगी। - **प्रमोद शुक्ला,** सीएमओ

### जनसंख्या अनुपात पर भी बदलाव

जनसंख्या के आधार पर पिपरिया वार्ड एक से लगभग 128 को वार्ड दो पिपरिया में शामिल किया गया। इसी प्रकार वार्ड 2 से 303 को वार्ड दस में, वार्ड 4 से सबसे ज्यादा 351 को वार्ड 3 में, वार्ड 9 से 177 को वार्ड 6 में, वार्ड 12 से 41 को वार्ड 13 और 60 को वार्ड 14 में जोड़ने का प्रावधान किया गया है। बाकी बचे वार्ड 5 ठाकुरपारा, वार्ड 7 गोलबाजार, वार्ड 8 तुरकारीपारा, वार्ड 11 धरमपुरा किल्लापारा, वार्ड 15 अमलीडीह, वार्ड 16 व 17 दाऊचौरा, वार्ड 18 अंबेडकर वार्ड, 19 टिकरापारा और 20 सिविललाइन खम्हरिया के परिसीमन में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## वनपाल से उप-वनक्षेत्रपाल पदोन्नत होने पर वनमंडलाधिकारी नें किया कर्मचारी का स्टार अलंकरण



**हरिभूमि कवर्धा।** मुख्य वन संरक्षक दुर्ग वृत्त दुर्ग के आदेशानुसार क्रं 307 मंगलवार को कवर्धा वनमंडल में पदस्थ कर्मचारी रवि कुमार टण्डन, वनपाल को उप वनक्षेत्रपाल के पद पर 7वां वेतनमान लेवल 06 में पदोन्नत किया गया। वनमंडलाधिकारी शशि कुमार द्वारा श्री टण्डन का स्टॉर अलंकरण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वनमंडल कर्यालय कवर्धा में उपस्थित कार्यालयीन कर्मचारी से श्री टण्डन को बधाई प्रेषित की।

पाठक सूचना

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

## खबर संक्षेप

### पधुवध एवं मांस बिक्री निषिद्ध आदेश जारी

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जनमेजय महोबे ने कबीरधाम जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 26 अगस्त को श्री कृष्ण जनमाष्टमी, 07 सितंबर को गणेश चतुर्थी, 14 सितंबर को ढोल ग्यारस, 17 सितंबर को अनन्त चतुर्दशी, 02 अक्टूबर को गांधी जयंती, 21 अगस्त को भगवान महावीर निर्वाण दिवस और 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर पशुवध गृह एवं मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखने आदेशित किया है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय निकाय विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस, कृष्ण जनमाष्टमी, गणेश चतुर्थी, ढोल ग्यारस, अनन्त चतुर्दशी, गांधी जयंती, भगवान महावीर निर्वाण दिवस एवं गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर पशुवध गृह एवं मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखने आदेश जारी किया है।

### दो विपत्तिग्रस्त परिवार को मिला आर्थिक मदद

**कवर्धा।** कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को 08 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत बोड़ला तहसील के ग्राम सिंघनपुरी निवासी सुनिता साहू की जहरीले छिपकली के काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति धनेश साहू, पंडरिया तहसील के ग्राम डेंगूरजाम निवासी फुलसिंह की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि रामबती बाई को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

**समस्याः** सूचना के बाद प्रभावित ग्राम पहुंचे कलेक्टर व सीएमएचओ सहित अमला, कई ग्रामीण डायरिया की चपेट में

# बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्राम सोनवाही में डायरिया का ताण्डव, पांच लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में लगातार बढ़ते डायरिया के प्रकोप के बीच अब विकासखण्ड बोड़ला के बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्राम सोनवाही में डायरिया का ताण्डव देखने को मिल रहा है। बताया जाता है कि वनांचल के इस अंदरूनी गांव में बीते पांच दिनो में डायरिया प्रभावित पांच लोगों की मौत हो चुकी है वहीं दर्जनभर ग्रामीण अब भी बीमार है। हालांकि प्रशासन डायरिया से पांच मौतों से इंकार कर रहा है।

डायरिया फैलने के चौथे दिन घटना की सूचना मिलने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग और राजस्व का अमला मौके पर पहुंचा है। बताया जाता है कि गत 4 जुलाई को विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम सोनवाही के कुछ ग्रामीणों में अचानक उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हो गई। पहले-पहले तो ग्रामीण इसे सामान्य स्वास्थ्यगत परेशानी मान रहे थे और आसपास के छोला छाप डाक्टरों से ही अपना ईलाज करा रहे थे लेकिन जब डायरिया प्रभावित एक ग्रामीण की मौत हो गई और कुछ और ग्रामीण उल्टी दस्त का शिकार होने लगे तो स्थानीय लोगों में दहशत फैलने लगी।

बताया जाता है इस बीच डायरिया प्रभावित दो अन्य लोगों की मौत ने लोगों को सख्ते में डाल दिया जिसके बाद जैसे-तैसे ग्रामीणों ने विकासखण्ड बोड़ला से संपर्क कर गांव में डायरिया फैलने की सूचना दी। लेकिन इससे पहले की स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन का अमला मौके पर पहुंचकर स्थिति का संभाल पाता दो और ग्रामीणों की जान चली गई।

बाद में सूचना पाकर स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वास्थ्य तथा राजस्व विभाग के अमले के साथ स्वयं मौके पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति में प्रभावितों का ईलाज शुरू कराया। जानकारी के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग की टीम ग्राम सोनवाही में कैम्प कर स्थिति पर नियंत्रण रखे हुए हैं वहीं अब डायरिया प्रभावित अब तक दर्जन भर लोगों की पहचान कर उनका समुचित ईलाज कराया जा रहा है।



### डायरिया फैलने का कारण अभी अज्ञात

अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर ग्राम सोनवाही में डायरिया फैलने का कारण क्या है। इस बात की जानकारी जुटाने के लिए प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मृतक ग्रामीणों के परिजनो के ब्लड सैम्पल, पेयजल के लिए उपयोग में लाए जा रहे पानी की जांच के लिए सैम्पल तथा खाद्य सामग्री का सैम्पल भी कलेक्ट किया गया है। ताकि गांव के लोगों के बीच डायरिया फैलने और पांच लोगों की मौत की वजह तलाशी जा सके। अब इन सभी सैम्पल को जांच के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है।

### बीहड़ और वनांचल ग्राम है सोनवाही

यहां बताना लाजिमी होगा कि विकासखण्ड बोड़ला के वनांचल ईलाके में बसा ग्राम सोनवाही अंदरूनी और बीहड़ गांव है जहां सूचनाओं का तत्काल आदान प्रदान करना मुस्किल कार्य है। माना जा रहा है कि यही वजह है कि समय रहते गांव में डायरिया फैलने की जानकारी गांव से बाहर नहीं निकल पाई और डायरिया प्रभावितों को समय पर ईलाज नहीं मिल पाया और उनकी मौत हो गई। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग तथा प्रशासन के ग्रामीण तथा वनांचल क्षेत्रों में उपलब्ध कराई जाने वाली तथाकथित स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

### बीते दो माह में चार गांवों में फैल चुका डायरिया



गौरतलब है कि बीते दो महिनो के आंकड़ों को देखा जाए तो जिले के ग्रामीण अंचलों में लगातार डायरिया सक्रिय है और अब तक करीब दो सौ लोगों को अपनी चपेट में लेकर सात लोगों की जान भी ले चुका है। इन दो महिनो के दौरान ग्राम कोयलारी, बहरमुड़ा, गोपालभावना और अब सोनवाही में डायरिया हाहाकार मचा चुका है।

### स्थिति नियंत्रण में, मरीजों का ईलाज जारी

मेरे द्वारा डायरिया प्रभावित ग्राम सोनवाही का मौका मुआयना किया गया है वहां बुधवार को एक महिला एवं पुरूष की मौत हुई है। मौत की वजह पीएम के बाद स्पष्ट हो पाएगी। इससे पूर्व एक मौत करीब 20 दिन पूर्व हुई थी। गांव में डायरिया फैलने की आशंका है। इसकी वजह दूषित पानी अथवा दूषित मशरूम का सेवन हो सकता है। जांच की जा रही है। प्रभावितों के समुचित ईलाज की व्यवस्था की गई है।

**जनमेजय महोबे, कलेक्टर, कबीरधाम**

# चिल्फीघाटी में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजन

- उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पहल पर 10 जुलाई को बोड़ला विकासखंड के वनांचल क्षेत्र ग्राम चिल्फीघाटी में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

कलेक्टर जनमेजय महोबे के दिशा निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज, डीपीएम श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में बोड़ला विकासखंड के चिन्हांकित क्षेत्रों में यह शिविर प्रत्येक माह के 10 एवं 25 तारीख को 3 माह तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। ग्राम चिल्फी में आयोजित शिविर में 178 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ शिशुरोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र, दंत, चर्म, फिजियोथेरेपी, मनोरोग और भी सामान्य सर्दी खांसी बुखार संबंधी ईलाज कराया। एनसीडी प्रोग्राम के तहत 70 लोगों का स्क्रीनिंग जांच किया गया। बोडला बीएमओ डॉ विवेक चंद्रवंशी ने बताया कि ग्राम चिल्फी में आयोजित शिविर में 178 मरीजों का जांच कर उपचार किया गया। उन्होंने बताया कि एनसीडी प्रोग्राम के तहत 70 लोगों का एनसीडी स्क्रीनिंग किया गया। 15 लोगो का मलेरिया, 30 लोगों को नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 9 लोगों को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चिन्हांकित कर जिला चिकित्सालय में आपरेशन के लिए सलाह दिया गया।



स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 35 महिला का चेकअप किया गया। इस दौरान 1 महिला को जिला अस्पताल में भर्ती होने के लिए सलाह दिया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा 52 मरीज का इलाज किया गया, इस दौरान 2 बच्चे का जिला अस्पताल में भर्ती के लिए चिन्हांकन किया गया। ऑर्थोपेडिक्स द्वारा 20 मरीज, सर्जरी रोग विशेषज्ञ द्वारा 14 मरीज का उपचार किया गया और मरीज का सर्जरी के लिए का चिन्हांकन कर बुलाया गया। इस दौरान दंत चिकित्सक द्वारा 9 मरीज का उपचार किया गया।

शिविर में सिविल सर्जन, डॉ. जितेंद्र वर्मा डॉ. गौरव ठाकुर, डॉ., जूही मानिकपुरी, डॉ. आसिफ अखिलेश, अनिल, दिनेश तिवारी, एडी मानिकपुरी, संदीप मानिकपुरी और और पीएचसी स्टाफ और प्रभारी विशेष योगदान का रहा।

# अनियमितता का आरोप भौंदा सरपंच बर्खास्त

## निर्माण एवं विकास कार्यो में किया गया गबन

- पंचों एवं ग्रामीणों की शिकायत पर की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं विहित प्राधिकारी बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.) ने एक आदेश जारी करते हुए श्रीमती साहिना परवीन, सरपंच, ग्राम पंचायत बेंदा, जनपद पंचायत बोड़ला को पद से हटा दिया है।

न्यायालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्रीमती साहिना परवीन, सरपंच, ग्राम पंचायत बेंदा, जनपद पंचायत बोड़ला के द्वारा राशि 2,02,200.00 रूपए (अक्षरी में दो लाख दो हजार दो सौ रूपये मात्र) आहरण कर प्रभक्षण किया गया है तथा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता बरती गई है।

उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 40 कंडिका (1) (क) के विपरीत पाए जाने पर अनावेदिका श्रीमती साहिना परवीन, सरपंच, ग्राम पंचायत बेंदा, जनपद पंचायत बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.) को छ.ग. पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 40 में निहित प्रावधानों के तहत सरपंच पद से पृथक कर दिया गया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बेंदा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों द्वारा करीब चार माह पहले सरपंच की कई अनियमितताओं कि शिकायत कलेक्टर तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से की थी। ग्रामीणों को भरोसा था की उन्हें न्याय मिलेगा। बताया जाता है कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद सिलसिलेवार अधिकारियों द्वारा जांच आरोपों की जांच की गई जिसमें पाया गया कि सरपंच साहिना परवीन द्वारा पंचायत के पंचों व ग्रामीण जनों को बिना विश्वास में लिए कई कामों को फर्जी ढंग से बिल बाउचर लगा कर दो लाख दो हजार दो सौ रुपए गबन किया गया है। जिसके बाद उनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्यवाही की गई है।

# स. लोहारा तहसील के हजारो किसान जोह रहे चना क्षतिपूर्ति की बाट

- शासन से आबंटन नहीं मिलने के कारण अटका 141 ग्रामों के 20616 कृषकों का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले की स. लोहारा तहसील अंतर्गत वर्ष 2024-25 में बेमौसम बारिस एवं ओलावृष्टि से अपने खून पसीने से सींची गई रबी/चना की नगदी फसल गवां चुके हजारों प्रभावित किसान अब भी चना फसल क्षतिपूर्ति राशि की बाट जोह रहे हैं।

लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा राशि आबंटित नहीं किए जाने के कारण प्रभावित किसानो को भुगतनान नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवा साहू ने बताया कि सरकारी आंकड़ों के मुताबिक रबि वर्ष 2024-25 में लोहारा तहसील अंतर्गत कुल 196 ग्रामो में से 194 ग्रामों के किसानो की चना फसल बेमौसम बारिश तथा ओलावृष्टि से से प्रभावित हुई थी। जिसके बाद प्रभातिव किसानो की मांग पर शासन के निर्देशानुसार प्रशासन ने प्रभावित किसानो की फसल का मौका मुआयना कराकर रिपोर्ट तैयार कर क्षतिपूर्ति राशि का निर्धारण किया गया था।

श्री साहू ने बताया कि तहसील कार्यालय स. लोहारा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक क्षतिपूर्ति प्रदाय सूचि में शामिल 53 ग्रामो के 5461 कृषको को राशि 29947210 रूपए का भुगतान किया जा चुका है एवं शेष 141 ग्रामों के 20616 कृषकों की क्षतिपूर्ति राशि 127629992 रूपए का भुगतान शासन से आबंटन प्राप्त होने के बाद किए जाने की बात कहीं जा रही है। श्री साहू ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शासन ने कुछ किसानो को चना क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान कर ढिढ़ौरा पीटकर खूब वाहवाही तो लूट ली लेकिन हकीकत ये है कि अभी तक स. लोहारा तहसील के 141 ग्रामों के 20616 कृषक चना क्षतिपूर्ति राशि की बाट जोह रहे हैं। उन्होने शासन से इन शेष किसानो को जल्द से जल्द चना क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान कराए जाने की मांग की है।

### इंदौरी स्वास्थ्य केंद्र में लगाए गए पौधे



**इंदौरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आह्वान पर आज पूरे प्रदेश में एक पौधा मां के नाम अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत पूरे प्रदेश में 70 लाख पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यावरण प्रेमी संगठन बेमेतरा के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता में स्वास्थ्य केंद्र इंदौरी के पूर्व कर्मचारी विद्याभूषण दुबे के द्वारा की गई। इस अवसर पर अतिथियों के साथ-साथ स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर सुरेंद्र चंद्रवंशी, आरएमए प्रशांत राय, फार्मासिस्ट अनिल चंद्रवंशी, लैब टेक्नीशियन राजकुमार चंद्रवंशी, स्टाफ नर्स बालेश्वरी साहू, साधना चंद्रवंशी प्रेम भास्कर, जीवनदीप समिति के कर्मचारी वेदमती सहित अन्य लोगों के द्वारा एक पौधा मां के नाम लगाया गया। पौधों में ज्यादातर बादाम, नीम, कदम, गुलमोहर, आंवला के अलावा फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने वन विभाग के पूर्व कर्मचारी स्वर्गीय पृथ्वी सोनी के स्मृति में भी एक पौधा लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### घुघरीकला में न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुघरी कला में जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू द्वारा अपने पुत्र के जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को लड्डू, मिक्चर, केला आदि परोसा गया। वहीं श्री साहू के जन्द दिन पर उनके दीर्घायु जीवन की कामना के साथ शाला परिसर में कचनार का पौधरोपण किया गया। इस पूरे आयोजन को लेकर शाला स्टाप एवं बच्चों में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल, संकुल समन्वयक महेन्द्र जांगड़े, प्रधान पाठक धर्मेंद्र शर्मा, रुपेश तिवारी, रोहित साहू, श्रीमती सुशीला कुर्रे, श्रीमती विद्या साहू, शाला प्रबंधन समिति सदस्य राजेन्द्र साहू, नारायण साहू, किशून निर्मलकर, चैतराम साहू, श्रीमती अमेरिका बाई, श्रीमती मुन्नी बाई, श्रीमती फुटेनिया राजपूत सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

**आरोपः उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नहीं बनाए गए पदोन्नति नियम**

# पदोन्नति में आरक्षण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिला संघ



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ द्वारा पदोन्नति में आरक्षण की बहाली एवं अन्य संवैधानिक मुद्दों को लेकर प्रान्ताध्यक्ष आरएन ध्रुव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट की। आसकरण सिंह धुर्वे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रांतीय प्रतिनिधिमण्डल की सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का रास्ता निकालने की बात कही है। प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव ने संघ की ओर से बात रखते हुए कहा कि अवैधानिक रूप से नियम कानून को ताक में रखते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा धड़ल्ले से आरक्षण विहीन पदोन्नति किया जा रहा है। जिसके फलस्वरुप हजारों की तादाद में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अधिकारी कर्मचारी पदोन्नति से वंचित हो रहे हैं। इससे समाज को दोहरा नुकसान हो रहा है। अनुसूचित जाति,जनजाति वर्ग के अधिकारी कर्मचारी जिस पद में भर्ती हुआ है उसी पद में रिटायरमेंट तक बने रहने पर मजबूर हैं। यदि कोई पटवारी से आरआई नहीं बनेगा, शिक्षक से प्रधान पाठक नहीं बनेगा, डिप्टी कलेक्टर से ज्वाइन कलेक्टर नहीं बनेंगे तो इसका परिणाम यह होगा कि अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवा जो नौकरी के लिए पढ़ लिखकर शासकीय सेवा में आने के लिए कतार में खड़े हुए हैं, वे नौकरी में आने से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया की छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बनने पर समाज में भारी खुशी है एवं आदिवासी समाज में समस्याओं के निराकरण की आस जगी है। संघ के प्रांताध्यक्ष ने बताया कि 16 अप्रैल 2024 को आदेशित करते हुए हाई कोर्ट ने सरकार को पदोन्नति हेतु नियम बनाने तीन माह का समय दिया है। 16 जुलाई 2024 को कोर्ट द्वारा दिए गए तीन माह का समय सीमा पूरी हो चुकी है किन्तु नियम बनाने में सरकार के तरफ से कोई पहल नहीं की गई है। यदि विभिन्न संवैधानिक मुद्दों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के विभिन्न संगठनों के सहयोग से 26 जुलाई को बड़ा आंदोलन करेगा। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# प्राथमिक शालाओं में प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू से मुलाकात कर शिक्षक संवर्ग के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर निराकरण की मांग किया। डीईओ ने सभी समस्याओं व मांगों को गंभीरता से सुनने के बाद एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर पदोन्नति सूची व पदांकन हेतु काउंसिलिंग तिथि शीघ्र जारी कर दिया जाएगा। उच्च परीक्षा के लिए डीईओ स्तर का अनापत्ति पत्र शीघ्र जारी होगा, जेडी व डीपीआई स्तर के आवेदनों को अग्रेसित किया गया है। व्याख्याता व प्राचार्य पद पर पदोन्नति हेतु जारी सूची में विसंगति के संबंध में अवगत कराकर सेवापुस्तिका से मिलान कर सुधार करने की मांग किया गया। प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला का जीआईएस कटौती 300 के बजाय 360 रुपए करने, संधारित सेवापुस्तिका में डीडीओ का हस्ताक्षर, पदोन्नत प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के वेतन का अंतर राशि, शिक्षक हिंदी के पद पर पदोन्नत शिक्षकों को पदोन्नत पद का वेतन, प्रधान पाठक नरेश साहू के इंक्रीमेंट का अंतर राशि, शिक्षक रमेश ध्रुव के एक दिन के अनाधिकृत वेतन कटौती की वापसी, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक राजर्षि पाण्डेय को अतिरिक्त वार्षिक वेतनवृद्धि, सहायक शिक्षिका श्रीमती रश्मिदेवी के अतिरिक्त कटे वेतन की वापसी आदि समस्याओं के संबंध में डीईओ ने शीघ्र निराकरण का भरोसा दिया है। चर्चा के दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, उमेश चन्द्रवंशी, रंगलाल बारले, संजय कैवर्त, गोकुल जायसवाल, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, सुदर्शन नेताम आदि उपस्थित थे।